GRAM : University

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर– 208024
Kalyanpur, Kanpur– 208024

Ref. CSJMU/PC-248/2020 Date: 28.12.2020

सेवा में,
प्राचार्य / प्राचार्या
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

महोदय / महोदया,

कृपया निर्देशानुसार अवगत कराना है कि माननीय कुलपति जी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में हो रही शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को सर्वसाधारण से परिचित कराने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय के आधिकारिक ई–न्यूजलेटर "मंत्र" को प्रकाशित किया जा रहा है। यह ई–न्यूजलेटर अंग्रेजी माध्यम में प्रकाशित किया जा रहा है।

इस न्यूजलेटर में आपके महाविद्यालय / संस्थान से सम्बन्धित 1. अकादमिक 2. खेलकूद 3. सांस्कृतिक 4. रचनात्मक 5. स्टूडेन्ट कॅरियर 6. सामाजिक 7. उपलब्धियां व अवार्ड 8. लेख 9. रिसर्च 10. आगामी कार्यकमों की सूची, श्रेणियों में प्रकाशनार्थ सामग्री (अंग्रेजी माध्यम में सुव्यवस्थित ढंग से) फोटोग्राफ्स सहित सॉफ्ट कापी में ई–मेल आई डी enewsletter@kanpuruniversity.org पर भेज सकते है। उक्त प्रकार्शनार्थ सामग्री अधिकारिक ई मेल आई डी द्वारा प्राचार्य / प्राचार्या के हस्ताक्षर सहित एवं लेटर पैड पर भेजने का कष्ट करें जिससे उसकी आधिकारिक पुष्टि हो सके।

इस ई–न्यूजलेटर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की रचनात्मक प्रतिभा कों प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उनके अधिकतम 200 शब्दों के उत्कृष्ट लेख भी सम्मिलित किये जा रहे है।

उक्त ई–न्यूजलेटर हेतु 01 अगस्त 2019 से 31 दिसम्बर 2020 तक के कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की सूचना 10 जनवरी 2021 तक ईमेल के माध्यम से भेजने का कष्ट करें।

सभी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की सूचनाएं सम्बन्धित शीर्षक के अन्तर्गत समय–समय पर उपरोक्त फार्मेट में ही भेंजे।

सम्पर्क सूत्रः
डा. सिधान्शु राय, समन्वयक, ई–न्यूज लेटर मो. न. 08299173086

भवदीय

डा. सिधान्शु राय
समन्वयक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित

1. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव जी।
3. सिस्टम मैनेजर, संगणक केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

डा. सिधान्शु राय
समन्वयक